छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

Ref. No.: C.S.J.M.U.A-R.P.P/ 1489 /2012 Date :04-02-2012

निविदा–सूचना

विश्वविद्यालय में (1.) प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओ की रददी एवं अन्य रददी की बिक्री हेतु दिनांक 15.02.2012 के अपराह्न 2:00 बजे तक एवं (2.) विभिन्न भवनो तथा रोड की सफाई हेतु दिनांक 25.02.2012 के अपराह्न 2:00 बजे तक, मोहर बन्द निविदाये सक्षम मुद्रको/फर्मो/एजेन्सियो से सहायक कुलसचिव (मु0प्र0) के कक्ष में आमंत्रित की जाती है।

शर्ते व अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.kanpuruniversity.org** पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

Gram : University

Ph. : 2570301
Fax : 2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

Ref. No.: C.S.J.M.U.A-R.P.P/ 1489 (I) /2012 — Date :04-02-2012

क्रमांक :

मूल्य ₹ 200/– (दो सौ मात्र)

निविदा – प्रपत्र

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओ मे प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओ की रद्दी एवं अन्य प्रकार की रद्दी के विक्रय हेतु मिलो से/फर्मो से मुहर बन्द निविदा दिनांक 15.02.2012 को अपराह्न 02:00 बजे तक सहायक कुलसचिव (मु०एवं प्र०) के कक्ष में आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी तिथि को अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित/अनुपस्थित निविदादाताओं के समक्ष, प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार कक्ष में खोली जायेंगी। निविदा पत्र के लिफाफे के ऊपर ***"लिखित उत्तर पुस्तिका की रद्दी एवं अन्य रद्दी के क्रय हेतु"*** लिखना आवश्यक है। निविदा हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि ₹ 100000.00 (रूपये एक लाख मात्र) बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही **'वित्त अधिकारी, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर'** के नामे जमा करना आवश्यक है। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अपेक्षित नियम–शर्तें प्रपत्र के साथ संलग्न है। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में ₹ 200/- नकद जमाकर प्राप्त किए जा सकते है। साथ ही निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट ***www.kanpuruniversity.org*** से भी डाउनलोड किये जा सकते है। किन्तु डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य के सापेक्ष ₹ 200.00 का बैंक ड्राफ्ट, **'वित्त अधिकारी, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर'** के नामे संलग्न करना होगा। सक्षम अधिकारी (कुलपति जी) को यह अधिकार होगा कि वह सभी निविदाओं को बिना कारण बताए किसी भी स्तर पर निरस्त कर सकते हैं।

नियम व शर्ते

1. फर्म को आदेश प्राप्ति के पन्द्रह दिनो के अन्दर सम्पूर्ण रद्दी उठानी होगी।
2. विश्वविद्यालय से रद्दी उठाने से पूर्व अनुमानित वजन की सम्पूर्ण देय धनराशि विश्वविद्यालय में अग्रिम जमा करना होगा।
3. रद्दी की तौल धर्मकांटा पर होगी।
4. सम्पूर्ण धनराशि जमा कर देने के बाद रद्दी ले जाने की अनुमति दी जायेगी।
5. रद्दी उठाने तथा पैकिंग आदि की व्यवस्था एवं उससे सम्बन्धित व्यय टेन्डरदाता को ही वहन करना होगा। विश्वविद्यालय इसकी कोई व्यवस्था नही करेगा और न ही इस पर कोई व्यय वहन करेगा।
6. विश्वविद्यालय कोई निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने के लिए सक्षम होगा।
7. निविदादाता को जमानत राशि रू0 1,00,000/–(रूपया एक लाख मात्र) बैंक ड्राफ्ट जो कि वित्त अधिकारी छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के नाम देय हो ,निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा उसकी निविदा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।
8. निविदा लिफाफे के ऊपरी भाग पर **लिखित उत्तर पुस्तिका एवं अन्य रद्दी क्रय हेतु** अवश्य अंकित करें।
9. उपरोक्त निविदा में केवल वे ही निविदादाता हिस्सा ले सकेगे जिनका वार्षिक आय–व्यय कम से कम रू0 एक करोड़ हो। इस हेतु निविदादाता को अपना आयकर विवरण संलग्न करना होगा।
10. यदि रद्दी विक्रय पर कोई कर देय होता है तो उक्त व्यय भार निविदा दाता द्वारा स्वंय वहन करना होगा। कर सम्बन्धी समस्त अदेयता प्रमाण पत्र फर्म को ही देना होगा तभी सुरक्षा धनराशि की वापसी सम्भव होगी।
11. यदि निविदादाता की निविदा दरें स्वीकार की जाती और निविदादाता उपरोक्त रद्दी निर्धारित अवधि में क्रय करने में असमर्थ रहता है तो उक्त निविदादाता की जमानत धनराशि रू0 एक लाख जब्त कर ली जायेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर:
आवेदक का नाम :
आवेदक का पता :

Gram : University

Ph. : 2570301
Fax : 2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

Ref. No.: C.S.J.M.U.A-R.Store/ /2012 Date :---------------

मिल / फर्म का नाम एवं पता ....

....

मिल / फर्म की रजिस्ट्रेशन संख्या ....

वैट / सीएसटी न0 ....

टिन / टैन / पैन न0 ....

दूरभाष संख्या ....

संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण ....

दर शब्दो में ....

अंको में...

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं संलग्न शर्ते मेंरे द्वारा भली भांति पढ ली गयी है तथा उसमे निहित नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है ।

तिथि एवं हस्ताक्षर निविदादाता ....
(मिल / फर्म की मोहर सहित)

संलग्नकः–

1.

2.

3.

4.

5.